GSTIN : 23AADCM5913E1ZV
CIN No. L24121RJ1997PLC029126
www.mbapl.com
accounts@mbapl.com

OSTWAL

**MADHYA BHARAT AGRO PRODUCTS LIMITED**

(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 24.02.2025

To,

National Stock Exchange of India Ltd.

Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

**Ref: Regulation 47(1) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Sub: Intimation of publication of newspapers advertisement in respect of Extra-Ordinary General Meeting of the Company.**

**Scrip Code: MBAPL**

With reference to the above captioned subject, please find enclosed newspaper advertisement published in following mentioned newspapers on Monday, February 24, 2025: Financial Express (English) and Business Remedies (Hindi Edition), intimating that the Extra-Ordinary General Meeting (EGM) of the Company will be held on Thursday, March 20, 2025 through Video Conferencing / Other Audio-Visual Means.

This is for your information and record.

**For Madhya Bharat Agro Products Limited**

Pallavi Sukhwal
Digitally signed by Pallavi Sukhwal
Date: 2025.02.24 10:11:38 +05'30'

(Pallavi Sukhwal)
**Company Secretary**

# आज खुलेगा 'न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस लिमिटेड' का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित 'न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस लिमिटेड' दिल्ली एनसीआर में को-वर्किंग एवं प्रबंधित ऑफिस स्पेस प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा नए केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय और सुरक्षा जमा, प्रौद्योगिकी मंच का निर्माण, सभी केंद्रों का एकीकरण, ऑनलाइन ग्राहक संपर्क और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने, ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने के लिए विज्ञापन व्यय और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी के प्रोस्पेक्ट्स से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की है।

**यह करती है कंपनी:** दिसंबर 2019 में निगमित, न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस लिमिटेड दिल्ली एनसीआर में को-वर्किंग एवं प्रबंधित ऑफिस स्पेस प्रदान करती है, जिसमें समर्पित डेस्क, निजी केबिन, मीटिंग रूम, स्टार्टअप ज़ोन और आभासी कार्यालय जैसे सुसज्जित और लचीले वर्किंग स्पेस शामिल हैं। कंपनी स्टार्टअप्स, एसएमई, बड़े उद्यमों, पेशेवरों और उद्यमियों के लिए विभिन्न कार्यालय समाधान प्रदान करती है। कंपनी 50-500 सीट वाले उद्यमों के लिए पूरी तरह से सेवायुक्त कार्यस्थल प्रदान करती है।

31 दिसंबर, 2024 तक, कंपनी ने दिल्ली एनसीआर में 7 फ्लेक्सिबल को-वर्किंग एवं प्रबंधित ऑफिस स्पेस और 4 प्रबंधित कार्यालयों का संचालन किया, जिससे 88.48 फीसदी ऑक्युपेंसी के साथ कुल 2,796 सीटें उपलब्ध हुईं। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के विभिन्न विभागों में कुल 30 कर्मचारी कार्यरत थे।

**प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति :** कंपनी की मुख्य ताकतों में कुशल प्रबंधन, लचीलापन और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा सह-कार्य और कार्यालय स्थानों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का एक सिद्ध रिकॉर्ड, लचीले सदस्यता विकल्पों के साथ अनुकूलन योग्य कार्यक्षेत्र, विविध मांग को पूरा करने वाला हाइब्रिड मॉडल , केंद्रों में ढांचागत विकास और नई प्रौद्योगिकी का एकीकरण व अनुभवी प्रमोटर और कुशल प्रबंधन शामिल हैं।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 3.42 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 0.11 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 10.9 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 0.67 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 17.16 करोड़ रुपए का राजस्व और 1.2 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2025 में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि में कंपनी ने 21.36 करोड़ रुपए का राजस्व और 1.51 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि कंपनी साल दर साल अच्छे वित्तीय परिणाम प्रस्तुत कर रही है। वित्त वर्ष 2025 में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि में कंपनी ने 7.06 फीसदी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2025 में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त अवधि में कंपनी की असेट्स 29.37 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 8.71 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 6.03 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 13.58 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कर्ज इक्विटी अनुपात 1.96 गुना का था।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस लिमिटेड' का आईपीओ बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर 24 फरवरी को खुलकर 27 फरवरी 2025 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 13,54,800 शेयर 234 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 31.70 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। प्रवर्तकों द्वारा एच एन आई और रिटेल निवेशकों के समान आईपीओ प्राइस पर 2,89,800 शेयर खरीदने के लिए बिडिंग की जाएगी। इसके लिए प्रवर्तकों द्वारा पहले से ही 678.13 लाख रुपए जमा कराए गए हैं। इससे पता चलता है कि प्रवर्तकों का कंपनी के सफलता के प्रति अटूट विश्वास है। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 600 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड संडे कैपिटल एडवाइजर्स द्वारा किया जा रहा है। वहीं आईपीओ के मार्केट मैकर तौर पर प्रमुख फाइनेंशियल कंपनी निकुंज स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**




| | |
|---|---|
| IPO Date | February 24, 2025 to February 27, 2025 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Issue Price | ₹234 per share |
| Lot Size | 600 Shares |
| Total Issue Size | 13,54,800 shares (aggregating up to ₹31.70 Cr) |
| Fresh Issue | 13,54,800 shares (aggregating up to ₹31.70 Cr) |
| Issue Type | Fixed Price Issue IPO |
| Listing At | BSE SME |
| Share Holding Pre Issue | 26,77,200 shares |
| Share Holding Post Issue | 40,32,000 shares |
| Market Maker Portion | 53,400 shares<br>Nikunj Stock Brokers Limited |

# SEBI ने लॉन्च किया यूनिफाइड इन्वेस्टर ऐप

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** अब रिटेल निवेशक यूनिफाइड इन्वेस्टर ऐप के जरिए एक ही लॉगिन से अपनी सभी निवेश संपत्तियों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से वे अपनी दोनों डिपॉजिटरी (CDSL, NSDL) की होल्डिंग्स, सभी वित्तीय लेनदेन, म्यूचुअल फंड, ट्रेडिंग पोजीशन और अन्य एसेट्स को एक ही जगह देख सकते हैं। यह ऐप मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस से जुड़ा है, जिससे निवेशकों को सटीक और सुरक्षित डेटा तक आसान पहुंच मिलती है। चूंकि जानकारी सीधे क्लियरिंग कॉरपोरेशन, डिपॉजिटरी और एक्सचेंज से प्राप्त होगी, इसलिए निवेशक धोखाधड़ी से भी सुरक्षित रहेंगे।

सेबी चैयरमेन माधवी पुरी बुच ने Unified इन्वेस्टर ऐप को लॉन्च करने के मौके पर कहा 'पोर्टफोलियो का कॉम्प्रिहेंसिव व्यू विशेष रूप से म्यूचुअल फंड और डिपॉजिटरी सहित सभी सिक्योरिटीज असेट्स और ब्रोकरों में ट्रेडिंग पॉजिशन की जानकारी इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स लेते रहे है वे इसके आधार पर निर्णय लेते हैं। वे अपनी असेंट्स और ट्रेडिंग पोजिशन के बारे में बेहतर जानते हैं अब रिटेल निवेशकों को यह सुविधा मिलेगी। सिक्योरिटी बाजार को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में यह प्रयास है।'

**यह होगा फायदा:** इस नए यूनिफाइड ऐप की सुविधाओं को CDSL द्वारा MyEasI ऐप और NSDL SPEED- ऐप पर एक्सेस किया जा सकता है SEBI के इस इनीशिएटिव को दोनों डिपॉजिटरी के सहयोग से बनाया गया है। मौके पर CDSL के MD&CEO नेहल बोरा ने कहा कि इसमें दोनों डिपॉजिटरों की सूचनाओं को एक साथ जोड़ दिया गया है, जिससे निवेशकों को रिस्क की बेहतर निगरानी मिलेगी। वहीं, NSDL के MD&CEO विजय चंडोक ने कहा, अब आपके प्राइमरी डिपॉजिटरी होल्डिंग अकाउंट के बावजूद, आप अपने सभी निवेशों, मार्जिन पॉजिशन और होल्डिंग स्टेटमेंट को एक ही स्थान पर एक्सेस कर सकते हैं।

# सोलरस्क्वायर का घाटा वित्त वर्ष 24 में 130 प्रतिशत बढ़कर 69 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली/आईएएनएस।** रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस प्रदाता सोलरस्क्वायर का घाटा सालाना आधार पर वित्त वर्ष 24 में 130 प्रतिशत बढ़कर 69 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 30 करोड़ रुपये था।

कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह कुल खर्च में 65.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 229 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 138 करोड़ रुपये था।

कंपनी के वित्तीय विवरण के मुताबिक, सामग्री लागत कंपनी के खर्च का सबसे बड़ा घटक है। वित्त वर्ष 24 में यह सालाना आधार पर 52.27 प्रतिशत बढ़कर 134 करोड़ रुपये गया है। वहीं, कर्मचारी खर्च सालाना आधार पर 105.56 प्रतिशत बढ़कर 37 करोड़ रुपये हो गया है।

बीते वित्त वर्ष में कंपनी ने 8 करोड़ रुपये फाइनेंस और रेंटल पर खर्च किए हैं। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की परिचालन से आय सालाना आधार पर 63.6 प्रतिशत बढ़कर 175 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 107 करोड़ रुपये थी। कंपनी की आय में सबसे बड़ी हिस्सेदारी प्रोडक्ट्स बिक्री की है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की प्रोडक्ट्स बिक्री से आय 66.35 प्रतिशत बढ़कर 173 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि, कंपनी की सर्विसेज से आय सालाना आधार पर 33.33 प्रतिशत घटकर 2 करोड़ रुपये हो गई है।

अगर अन्य मदों से होने वाली 3 करोड़ रुपये की आय को भी मिला दिया जाए तो वित्त वर्ष 24 में कंपनी की कुल आय 178 करोड़ रुपये रही है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 108 करोड़ रुपये थी। लगातार नुकसान में होने के कारण कंपनी का एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 24 में -35.96 प्रतिशत रहा है। बीते वित्त वर्ष कंपनी ने एक रुपये कमाने के लिए 1.31 रुपये खर्च किए हैं। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की कुल एसेट्स 120.5 करोड़ रुपये थी। इसमें 60 करोड़ रुपये का नकद भी शामिल है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोलरस्क्वायर ने अब तक निवेशकों से 56 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। कंपनी के प्रमुख निवेशकों में एलिवेशन कैपिटल, लोअरकार्बन कैपिटल और गुड कैपिटल शामिल हैं।

# जीडीपी डेटा, एफएंडओ एक्सपायरी और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से अगले हफ्ते तय होगा शेयर बाजार का रुझान

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली/आईएएनएस।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम रहने वाला है। इस दौरान घरेलू अर्थव्यवस्था से जुड़े जरूरी आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जिसका असर शेयर बाजार की चाल पर देखने को मिल सकता है। वहीं, 27 फरवरी को होने वाली एफएंडओ एक्सपायरी भी शेयर बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार द्वारा 28 फरवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का जीडीपी डेटा और वित्त वर्ष 2024-25 की जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अमेरिका में 26 फरवरी को होम सेल्स और 27 फरवरी को 2024 की चौथी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का दूसरा अनुमान जारी किया जाएगा।



भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता मिला-जुला रहा। सेंसेक्स 628 अंक या 0.83 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,311 और निफ्टी 133 अंक या 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,795 पर बंद हुआ। हालांकि, व्यापक स्तर पर बाजार में तेजी देखने को मिली। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.70 प्रतिशत और 1.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। बीते हफ्ते मेटल इंडेक्स में सबसे अधिक खरीदारी देखी गई थी। वहीं, टेलीकॉम इंडेक्स का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। बाजार का सेंटीमेंट खराब होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर पारस्परिक टैरिफ की घोषणा को माना जा रहा है। विदेशी निवेशकों ने बीते हफ्ते भी शेयर बाजार में बिकवाली को जारी रखा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 7,793 करोड़ रुपये की कैश सेगमेंट में बिकवाली की है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 16,582 करोड़ रुपये बाजार में निवेश किए हैं। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायरेक्टर, पुनित सिंघानिया ने कहा कि बीते हफ्ते निफ्टी ने जून 2024 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर को छुआ और लगातार दूसरे सप्ताह नकारात्मक बंद हुआ। फिलहाल यह 22,800 के नीचे बना हुआ है।

सिंघानिया ने आगे कहा कि निफ्टी के लिए 23,350 एक रुकावट का स्तर है। अगर बिकवाली बढ़ती है तो 22,500 और 22,300 के स्तर देखने को मिल सकते हैं।

# 2024 में आईपीओ मार्केट का लीडर बना भारत

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली/आईएएनएस।** भारत 2024 में इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) मार्केट के ग्लोबल लीडर के रूप में उभरा है। देश की हिस्सेदारी दुनिया में आए पब्लिक इश्यू में 23 प्रतिशत की रही है। यह जानकारी रविवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

इंडस वैली एनुअल रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में 2024 में कंपनियों ने आईपीओ के माध्यम से 19.5 अरब डॉलर का फंड जुटाया है। बीते वर्ष देश में 268 आईपीओ आए थे, जिनमें 90 मेनबोर्ड और 178 एसएमई शामिल हैं। 2024 में भारत का सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया द्वारा पेश किया गया है। इस साइज 27,870 करोड़ रुपये था। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ था। वहीं, बीते साल यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ भी था। रिपोर्ट में बताया गया कि वेंचर कैपिटलिस्ट की भारतीय आईपीओ मार्केट में रुचि बढ़ी है। इसकी वजह वेंचर द्वारा फंडिंग कई कंपनियों का सफलतापूर्वक लिस्ट होना है।




रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 के बाद वेंचर समर्थित आईपीओ द्वारा जुटाई गई धनराशि 2021 से पहले सभी वेंचर समर्थित आईपीओ द्वारा जुटाई गई कुल राशि की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई है।

एसएमई सेक्टर के आईपीओ में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। 2012 के बाद से एसएमई आईपीओ का औसत बाजार पूंजीकरण 4.5 गुना बढ़ गया है, जो 2024 में लगभग 100 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त आईपीओ के समय एसएमई कंपनियों का औसत राजस्व तीन गुना होकर 70 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसके अलावा रिपोर्ट में बताया गया कि क्विक कॉमर्स सेक्टर में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 25 में इसका आकार 7.1 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो कि वित्त वर्ष 22 में 300 मिलियन डॉलर था। यह तेजी से विस्तार इंटरनेट की बढ़ती पहुंच, बदलती जीवनशैली और प्लेटफार्मों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण तत्काल डिलीवरी के प्रति उपभोक्ता की प्राथमिकताओं में बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक होने वाली कंपनियों के औसत बाजार पूंजीकरण में बीते कुछ वर्षों में गिरावट देखी गई। 2021 में औसत मार्केट कैप 3,800 करोड़ रुपये था, जो 2022 में गिरकर 3,000 करोड़ रुपये हो गया और 2023 में और गिरकर 2,770 करोड़ रुपये हो गया।

# भारत की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ रुपये घटा, टीसीएस को हुआ सबसे अधिक नुकसान

**बिजनेस रेमेडीज़/ नई दिल्ली/ आईएएनएस।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता नुकसान वाला रहा। इस कारण देश की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का मार्केट कैप 1,65,784.9 करोड़ रुपये घटा गया है।

शीर्ष 10 में सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल के निवेशकों को हुआ है। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण 17 फरवरी से लेकर 21 फरवरी तक के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 628.15 अंक या 0.82 प्रतिशत और निफ्टी में 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई थी।



टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 53,185.89 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई और इसका वैल्यूएशन कम होकर 13.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल में भी भारी गिरावट देखी गई, इसका बाजार पूंजीकरण 44,407.77 करोड़ रुपये घटकर 9.3 लाख करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 18,235.45 करोड़ रुपये घटकर 8.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर को 17,962.62 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिससे उसका बाजार पूंजीकरण 5.2 लाख करोड़ रुपये हो गया।

इंफोसिस के मार्केट कैप में भी कमी दर्ज की गई है और इसका बाजार मूल्यांकन 17,086.61 करोड़ रुपये घटकर 7.5 लाख करोड़ रुपये रह गया।

आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 11,949.42 करोड़ रुपये घटकर 5 लाख करोड़ रुपये रह गया और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 2,555.53 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 12.9 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मार्केट कैप में 401.61 करोड़ की गिरावट दर्ज की गई है और इसका बाजार मूल्यांकन कम होकर 6.4 लाख करोड़ रुपये रहा गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाले समय में भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। अगले हफ्ते निवेशकों की निगाहें घरेलू और वैश्विक स्तर पर जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों पर होंगी।

सरकार द्वारा 28 फरवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का जीडीपी डेटा और वित्त वर्ष 2024-25 की जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अमेरिका में 26 फरवरी को होम सेल्स और 27 फरवरी को 2024 की चौथी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का दूसरा अनुमान जारी किया जाएगा।

OSTWAL

## मध्यभारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: विंग ए/1, 1st फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फारेस्ट, आटून, भीलवाड़ा, 311802, राजस्थान, फोन नं.- 01482-237104
सीआईएन : L24121RJ1997PLC029126
ई-मेल: secretarial@mbapl.com, वेबसाइट: www.mbapl.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों से आयोजित होने वाली 2/2024-25 अतिरिक्तसामान्य बैठक के संबंध में जानकारी**

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य नियमों के साथ बनाए गए नियम सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024, सेबी परिपत्र दिनांक 5 जनवरी 2023, 7 अक्टूबर, 2023 और 3 अक्टूबर, 2024 इसके तहत बनाए गए नियम और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समय-समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पढ़ा गया (इसके बाद सामूहिक रूप से 'परिपत्र' के रूप में संदर्भित), के तहत वार्षिक आम बैठक कंपनी की (ईजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') /अन्य ऑडियो-विजुअल के माध्यम से गुरुवार 20 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमे ईजीएम की सूचना में उल्लेखित व्यवसायों को सम्पादित किया जायेगा।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) की सूचना केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('NSE') की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगा। इसके अलावा, सदस्य केवल वीसी सुविधा के माध्यम से ईजीएम में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। ईजीएम में शामिल होने के निर्देश और भागीदारी का तरीका नोटिस में दिया जाएगा। वीसी के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस और अन्य संचार भेजने के लिए, जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में इसे तुरंत पंजीकृत करें और कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को investor@bigshareonline.com पर संपर्क कर पंजीकृत करें।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को नोटिस में निर्धारित प्रस्ताव पर वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही कंपनी ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा भी देगी। ईजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया नोटिस में प्रदान की गई है।

कृते मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड
हस्ताक्षरित /
(पल्लवी सुखवाल)
कम्पनी सचिव

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 24/02/2025

THIRD ANNIVERSARY OF WAR ON UKRAINE

# Russia launches war's largest drone attack

REUTERS
Kyiv, February 23

**UKRAINE'S PRESIDENT VOLODYMYR** Zelenskyy said on Sunday that Russia launched more than 200 drones in an overnight attack, the largest of the war, as he condemned Russia's "aerial terror" and called for unity among Ukraine's allies.

"Every day, our people stand against aerial terror," he wrote on X.

"On the eve of the third anniversary of the full-scale war, Russia launched 267 attack drones against Ukraine — the largest attack since Iranian drones began striking Ukrainian cities and villages."

Ukraine's air force said in a statement that 138 of the drones were downed and another 119 disappeared from radars after being jammed by electronic warfare, adding that Russia also launched three ballistic missiles. Damage was reported in five regions of Ukraine.

Moscow has launched near-nightly massed drone attacks at Ukraine for months, seeking to exhaust air defences.

Zelenskyy said that in total, nearly 1,150 attack drones, more than 1,100 guided aerial bombs and 35 missiles of various types, were launched by Russia at Ukraine in the past week.

The president thanked those operating Ukraine's air defences, and called on the country's foreign allies to stand united to secure a "just and lasting peace".



A Ukrainian soldier launches a drone from a shelter in partially occupied Toretsk, the site of heavy battles with the Russian troops in the Donetsk region, Ukraine, on Saturday AP

## Willing to give up presidency if it means Ukraine peace: Zelenskyy

**UKRAINE'S PRESIDENT VOLODYMYR** Zelenskyy said on Sunday he was willing to give up his position if it meant peace in Ukraine, quipping that he could exchange his departure for Ukraine's entry into NATO.

He also said he wanted to see US President Donald Trump as a partner to Ukraine and more than a simply a mediator between Kyiv and Moscow. —REUTERS

# Yunus invites Elon Musk for Starlink launch

**BANGLADESH INTERIM GOVERNMENT'S** Chief Adviser Muhammad Yunus has invited top US businessman and chief executive officer of SpaceX Elon Musk to visit the country and launch Starlink satellite internet service in the country.

In a letter on February 19, Yunus told Musk that his visit to Bangladesh would allow him to meet young Bangladeshi men and women who would be among the main beneficiaries of this leading technology.

"Let us work together to deliver our mutual vision for a better future," he said.

"Integrating Starlink's connectivity into Bangladesh's infrastructure will have a transformational impact, particularly for Bangladesh's enterprising youth, rural and vulnerable women, and remote and underserved communities," state-run BSS news agency reported on Sunday, quoting the letter.

Yunus also asked his High Representative, Khalilur Rahman, to coordinate closely with his SpaceX team to ensure completion of the necessary work to make Starlink ready for launch in Bangladesh within the next 90 working days. —PTI

# 'Govt staff must detail workweek'

KATE CONGEREILEEN SULLIVAN & CHRISTINA JEWETT
February 23

**ELON MUSK DEEPENED** the confusion and alarm of workers across the federal government Saturday by ordering them to summarise their accomplishments for the week, warning that a failure to do so would be taken as a resignation.

Shortly after Musk's demand, which he posted on X, civil servants across the government received an email from the Office of Personnel Management with the subject line, "What did you do last week?"



Elon Musk's mounting pressure on the federal work force came at the encouragement of Trump

The missive simultaneously hit inboxes across multiple agencies, rattling workers who had been rocked by layoffs in recent weeks and were unsure about whether to respond to Musk's demand. Officials at some agencies, including the FBI and the State Department, told their employees to pause responses to the email.

Musk's mounting pressure on the federal work force came at the encouragement of President Trump, who has been trumpeting how the billionaire has upended the bureaucracy and on Saturday urged him to be even "more aggressive."

In his post on X, Musk said employees who failed to answer the message would lose their jobs. However, that threat was not stated in the email itself.

"Please reply to this email with approx. 5 bullets of what you accomplished this week and cc your manager," said the Office of Personnel Management message that went out to federal employees on Saturday afternoon. The email told employees to respond by midnight on Monday and not to include classified information.

The email was received by workers across the government, including at the FBI, the State Department, the Environmental Protection Agency, the Office of Personnel Management, the Food and Drug Administration, among others. —NYT

# Shein annual profit down 40% in 2024

REUTERS
February 23

**ONLINE FAST-FASHION** retailer Shein's profit dropped by more than a third last year, adding to its challenges ahead of a planned listing on the London Stock Exchange, the *Financial Times* reported on Sunday.

Net profit was down almost 40% at $1 billion in 2024, the report said, citing two people with knowledge of the matter.

Shein's sales for the full year rose by 19% to $38 billion, the report said, adding that the figures were from internal projections ahead of finalised accounts. The company does not publish profit guidance but the 2024 figures were far lower than the $4.8 billion in net profit and $45 billion in sales it had projected for 2024, the report added, citing a presentation seen by the newspaper. Shein did not immediately respond to a request for comment.

BUNGALOWS FOR SALE
VASANT VIHAR
1300 Sq.Yards
Corner / Park Face House North East
GOLF LINKS
375 Sq.Yards
Park Face Freehold
SR PROPERTIES
FOR ANY SALE PLEASE CONTACT
RAHUL SHARMA 999-999-6796

## GERMANY VOTES FOR NEW GOVT



German Chancellor Olaf Scholz arrives with his wife Britta Ernst to cast their vote at a polling station in Berlin, on Sunday, during the German national election AP

# Israel ramps up West Bank violence

ASSOCIATED PRESS
West Bank, February 23

**ISRAEL'S DEFENCE MINISTER** said Sunday troops would remain "for the coming year" in parts of the occupied West Bank where they have launched a weekslong offensive and would prevent tens of thousands of displaced Palestinians from returning, as Israel deepens its crackdown on the Palestinian territory.

Israel launched a broad offensive on the northern West Bank on January 21 — two days after the ceasefire that paused the war in Gaza took hold — and then expanded it to include other nearby areas.

Israel says it is determined to stamp out militancy amid a rise in attacks. Palestinians view such raids as part of an effort to cement Israeli control over the territory, where 3 million Palestinians live under military rule. The raids have been deadly, caused destruction to urban areas and displaced tens of thousands.

Israeli Defence Minister Israel Katz said he had instructed the military to prepare to remain in some of the West Bank's urban refugee camps, from where he said some 40,000 Palestinians had fled — a figure confirmed by the United Nations — leaving the areas "emptied of residents".

He said in a statement he had ordered the military to "prepare for an extended stay in the camps that were cleared for the coming year and to not allow the return of residents or for terror to grow again." It was not clear for how long Palestinians would be prevented from returning.

The military said it was expanding the raid in the West Bank to other areas and, in a rare move, was sending tanks to Jenin, long a bastion of armed struggle against Israel.

**Form No. INC-25A**
**Advertisement to be published in the newspaper for conversion of Public Company into a Private Company Before the Regional Director, Ministry of Corporate Affairs Northern Region**

In the matter of the Companies Act, 2013, Section 14 of the Companies Act, 2013 and Rule 41 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of M/s Peethambra Ayurved Bhawan Limited having its Registered office at D-46, East of Kailash, New Delhi -110065, Applicant

Notice is hereby given to the general public that the Company intending to make an application to the Central Government under Section 14 of the Companies Act, 2013 read with the aforesaid rules and is desirous of converting into a Private Limited Company in terms of the Special Resolution passed at an Extra Ordinary General Meeting held on 15th February, 2025 to enable the Company to give effect for such conversion.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change/ status may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his objections supported by an affidavit stating the nature of his interest and grounds of opposition to the concerned Regional Director, Northern Region (B-2 Wing, 2nd floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, 2nd floor, CGO Complex, New Delhi - 110003) within fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant Company at its Registered Office at the address mentioned below:

**Address of Registered Office: D-46, East of Kailash, New Delhi- 110065**

**For and on behalf of Peethambra Ayurved Bhawan Limited**
**Sd/-**
**Anirudh Gaur**
**Director**
**DIN: 00090835**

**Date: 21.02.2025**
**Place: New Delhi**

**SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED**
**(Formerly Fullerton India Credit Company Limited)**
**Corporate Office:** 10th Floor, Office No. 101,102 & 103, 2 North Avenue, Maker Maxity, Bandra Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051.

**DEMAND NOTICE**

**UNDER THE PROVISIONS OF THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002 ("the Act") AND THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2002 ("the Rules")**

The undersigned being the authorized officer of SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED (formerly Fullerton India Credit Company Limited) (SMFG India Credit) under the Act and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) of the Act read with the Rule 3, issued Demand Notice(s) under Section 13(2) of the Act, calling upon the following borrower(s) to repay the amount mentioned in the respective notice(s) within 60 days from the date of receipt of the said notice. The undersigned reasonably believes that borrower(s) is/are avoiding the service of the demand notice(s), therefore the service of notice is being effected by affixation and publication as per Rules. The contents of demand notice(s) are extracted herein below:

| Name of the Borrower(s) | Demand Notice Date and Amount |
|---|---|
| 1. RAJ KUMAR<br>2. SEEMA PATEL<br>LAN - 213720910873132 | 14, February, 2025<br>Rs. 21,45,979/- (Rupees Twenty One Lakhs Forty Five Thousand Nine Hundred Seventy Nine Only) as on 10 February, 2025. |
| **Description of Immovable Property Mortgaged** | |
| OWNER OF THE PROPERTY – RAJ KUMAR<br>PROPERTY DESCRIPTION - PLOT NO, 402, PROPERTY MEASURING 100 SQ. YDS. COMPRISED IN KHASRA NO. 31//17,18 KHATTA NO, 188/189 AS PER JAMABANDI FOR YEAR 2006-07 SITUATED AT VILLAGE KULIYEWAL, H.B NO. 178, ABADDI KNOWN AS NATIONAL COLONY, NEAR RAJU COLONY THE & DISTT. LUDHIANA. BOUNDARIES AS PER UNDER<br>EAST: NEIGHBOURER ADM. 39'06", WEST: NEIGHBOURER ADM. 39'06", NORTH: NEIGHBOURER ADM. 22'06", SOUTH : STREET 10' WIDE ADM. 22'06" | |
| **Name of the Borrower(s)** | **Demand Notice Date and Amount** |
| 1. FRUGAL TECHNOLOGIES<br>2. ABHISHEK SINGH RATHORE<br>3. AKHILESH SINGH RATHORE<br>4. ASHISH SINGH RATHORE<br>5. ROLI RATHORE<br>LAN - 213520910945704 | 14 February, 2025<br>Rs. 45,33,734/- (Rupees Forty Five Lakhs Thirty Three Thousand Seven Hundred Thirty Four Only) as 10 February, 2025 |
| **Description of Immovable Property Mortgaged** | |
| OWNER OF THE PROPERTY<br>ABHISHEK SINGH RATHORE, AKHILESH SINGH RATHORE & ASHISH SINGH RATHORE<br>PROPERTY DESCRIPTION - ALL THAT PIECE AND PARCEL OF PROPERTY BEARING SHOW ROOM NO. 1 & 2, MEASURING 00 BIGHA 04 BISWA COMPRISING IN KHATA NO. 94/135 AS PER JAMABANDI FOR THE YEAR 2004-05 UNDER KHASRA NO. 151/1(4-0), 153/2(0-13), 154/2(0-7), KITTA 03 RAKBA 05 BIGHA 00 BISWA ITS SHARE 80/2000 I.E. 00 BIGHA 04 BISWA SITUATED AT, LAJPAT NAGAR, VILLAGE BISHANPURA HADBAST NO. 44 MC & SUB-TEHSIL ZIRAKPUR, DISTT. SAS NAGAR, MOHALI. | |
| **Name of the Borrower(s)** | **Demand Notice Date and Amount** |
| 1. DAYA RANI<br>2. DARISHTI MILK FOOD PRODUCTS<br>3.THE UNKNOWN LEGAL HEIRS OF LATE NARESH KUMAR<br>LAN - 191320910588549 | 12 February, 2025<br>Rs. 52,95,934.17/- (Rupees Fifty Two Lakhs Ninety Five Thousand Nine Hundred Thirty Four and Paise Seventeen Only) as on 10th Feb'2025 |
| **Description of Immovable Property Mortgaged** | |
| OWNER OF THE PROPERTY – SMT. DAYA RANI W/O SH. INDERJEET<br>PROPERTY DESCRIPTION - LAND MEASURING 200 SQ. YARDS OR 6 MARLA 6 SARSAI BEING 60/1224 SHARE OUT OF LAND MEASURING 6 KANAL 16 MARLA, COMPRISING IN KHEWAT NO. 565//479, KHATONI NO. 600, KHASRA NO. 129//19 (6-16), SITUATED IN VILLAGE MADLAUDA, TEHSIL MADLAUDA, DISTT. PANIPAT. PROPERTY IS BOUNDED AS UNDER - EAST – GALI, WEST – PLOT OF MAHA SINGH, NORTH – SELLER, SOUTH - GALI | |
| **Name of the Borrower(s)** | **Demand Notice Date and Amount** |
| 1. BRIJ LAL SAINI<br>2. SURENDER KUMAR<br>3. SHUBHAM SAINI<br>4. ROHIT SAINI<br>5. SALINDRO DEVI<br>LAN - 191220910698160 | 14th February, 2025<br>Rs. 22,59,163/- (Rupees Twenty Two Lakhs Fifty Nine Thousand One Hundred Sixty Three Only) as on 10 February, 2025. |
| **Description of Immovable Property Mortgaged** | |
| OWNER OF THE PROPERTY – SH. SHUBHAM S/O SH. BRIJ LAL S/O SH. PIRTHI SINGH<br>PROPERTY DESCRIPTION - PROPERTY SITUATED IN VILLAGE KARASAN, TEHSIL SHAHZADPUR, DISTT. AMBALA, KHEWAT NO. 218, KHATONI NO. 244, KHASRA NO. 138 (2-0), ½ SHARE MEASURING 1 KANAL WHICH IS BOUNDED AS UDER: NORTH: 77 FEET BHUJA AND PLOT KAMLESH DEVI, SOUTH: 77 FEET BHUJA AND HOUSE GURMEET, EAST: 71 FEET 6 INCH BHUJA AND HOUSE SATPAL, WEST : 71 FEET 6 INCH BHUJA AND GALI | |

The borrower(s) are hereby advised to comply with the demand notice(s) and to pay the demand amount mentioned therein and hereinabove within 60 days from the date of this publication together with applicable interest, additional interest, bounce charges, cost and expenses till the date of realization of payment. The borrower(s) may note that SMFG India Credit is a secured creditor and the loan facility availed by the Borrower(s) is a secured debt against the immovable property/properties being the secured asset(s) mortgaged by the borrower(s).

In the event borrower(s) are failed to discharge their liabilities in full within the stipulated time, SMFG India Credit shall be entitled to exercise all the rights under Section 13(4) of the Act to take possession of the secured asset(s) including but not limited to transfer the same by way of sale or by invoking any other remedy available under the Act and the Rules thereunder and realize payment. SMFG India Credit is also empowered to ATTACH AND/OR SEAL the secured asset(s) before enforcing the right to sale or transfer. Subsequent to the Sale of the secured asset(s), SMFG India Credit also has a right to initiate separate legal proceedings to recover the balance dues, in case the value of the mortgaged properties is insufficient to cover the dues payable to the SMFG India Credit. This remedy is in addition and independent of all the other remedies available to SMFG India Credit under any other law.

The attention of the borrower(s) is invited to Section 13(8) of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets and further to Section 13(13) of the Act, whereby the borrower(s) are restrained/prohibited from disposing of or dealing with the secured asset(s) or transferring by way of sale, lease or otherwise (other than in the ordinary course of business) any of the secured asset(s), without prior written consent of SMFG India Credit and non-compliance with the above is an offence punishable under Section 29 of the said Act. The copy of the demand notice is available with the undersigned and the borrower(s) may, if they so desire, can collect the same from the undersigned on any working day during normal office hours.

Sd/- Authorised Officer,
SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED
(formerly Fullerton India Credit Company Limited)

Place: Punjab
Date: 24.02.2025

**MADHYA BHARAT AGRO PRODUCTS LIMITED**
CIN: L24121RJ1997PLC029126
Registered Office: Wing A/1, 1st Floor, Ostwal Heights, Urban Forest, Atun, Bhilwara 311802
Email: secretarial@mbapl.com, Website: www.mbapl.com

**INFORMATION REGARDING 2/2024-25 EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING / OTHER AUDIO-VISUAL MEANS**

In compliance with the applicable provisions of Companies Act, 2013, rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure requirements) Regulations, 2015 read with general circular no. 14/2020 dated 08th April 2020, general circular no. 17/2020 dated 13th April 2020, general circular no. 20/2020 dated 05th May 2020, general circular no. 02/2021 dated 13th January 2021 general circular no. 21/2021 dated 14th December 2021, general circular no. 02/2022 dated 05th May 2022, general circular no. 11/2022 dated 28th December 2022, general circular no. 09/2023 dated 25th September 2023 and general circular no. 09/2024 dated September 19, 2024 issued by ministry of corporate affairs read with SEBI circular dated 5th January 2023, October 7, 2023 and October 3, 2024 and other relevant circulars of SEBI, from time to time (hereinafter collectively referred to as "SEBI circulars"), the Extra Ordinary General Meeting (EGM) of the company will be held through Video Conferencing ("VC") on Thursday 20th March 2025 at 11:00 A.M. (IST) to transact the business that will be set forth in the notice of EGM ('Notice').

In accordance with the aforesaid Circulars, the Notice of Extra Ordinary General Meeting (EGM), will be sent only through electronic mode to those members whose email addresses are registered with the Company/ Company's Registrar and Transfer Agent (RTA)/ Depository Participants (DPs). The Notice will also be available on the website of the Company at www.mbapl.com and on the website of National Stock Exchange of India Limited ("NSE") at www.nseindia.com. Further, members can join and participate in the EGM through VC facility only. The instructions for joining and manner of participation in the EGM will be provided in the notice. Members attending the EGM through VC shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under section 103 of the Companies act, 2013.

In order to send Notice and other Communications to the members in electronic form, Members who have not yet registered their email address are requested to register the same immediately in respect of shares held in electronic form with the depository through their depository participant(s) and in respect of shares held in physical form by writing to Company's Registrar and Share Transfer Agent, Bigshare Services Private Limited at investor@bigshareonline.com.

The Company will provide remote e-voting facility to all its members to cast their votes on the resolution set forth in the notice. Additionally, the company will also provide the facility of voting through e-voting system during the EGM. The detailed procedure for casting votes through remote e-voting/ e-voting at the EGM shall be provided in the Notice.

For Madhya Bharat Agro Products Limited
Sd/-
(Pallavi Sukhwal)
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Bhilwara
Date: 24/02/2025

**Hem Securities Limited**
**Hem Finlease Private Limited**
203, Jaipur Tower, M.I. Road, Jaipur, Rajasthan-302001

**PUBLIC NOTICE**

**Beware of Cyber Fraudsters**

It has come to our attention that certain fraudulent groups and/or individuals, falsely claiming to be associated with Hem Securities Limited, Hem Finlease Pvt. Limited, and its Directors, are using social media platforms including WhatsApp, Facebook, Instagram, Telegram, and websites to deceive people. They are luring individuals with false promises of share allocations, IPOs, Block trading, guaranteed returns, etc. Official website of the company- Hem Securities Limited and Hem Finlease Pvt. Limited is www.hemsecurities.com These fraudsters falsely claim affiliation with our company and use the company's name, brand, and fake regulatory certifications from SEBI or other official bodies to mislead public. We, Hem Securities Limited and Hem Finlease Pvt. Ltd., either itself or through any of its officials do not operate any such group or platform and do not offer any form of guaranteed returns or any investment schemes with guaranteed returns. We strongly advise against investing in or through any such fraudulent groups or accounts. If you come across any such platform or individual, we strongly recommend avoiding any investment and reporting the issue immediately. Any such transaction entered into by you will be at your sole discretion and we will not be responsible for any claim, cost or consequence. In case of need, please contact Cyber Crime Helpline at 1930. Even We have lodged FIR and complaint on Cyber Crime 1930 against cyber fraudsters.

**Sincerely,**
**Hem Securities Limited,**
**Hem Finlease Pvt. Limited and Management**

EXPRESS Careers

**NATIONAL BANK FOR AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT**
Plot No. C-24, G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400051

**Recruitment of Chief Financial Officer on Contract**

NABARD, an all India Apex Development Financial Institution, wholly owned by Government of India, invites ONLY online applications from Indian citizens having necessary qualification and experience for recruitment of **Chief Financial Officer on contract.**

The Online Application Registration & Payment of Online Application Fees / Intimation Charges would be available from **22 February 2025 to 09 March 2025** on NABARD website.

For details related to Educational Qualification, Experience, Job Profile, Age, Application Fee, Selection Procedure, Remuneration, Service Conditions, etc. please visit **https://www.nabard.org.**

**Place:** Mumbai
**Date:** 21 February 2025

**Chief General Manager**
Human Resources Management Department

गाँव बढ़े >> तो देश बढ़े | /nabardonline | Taking Rural India >> Forward